बृजमोहन अग्रवाल
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं.: 0771-4049410
ई-मेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

क्रमांक 3673/सांसद रायपुर लोकसभा/ रायपुर, दिनांक 05/03/2025

विषयः– दिवंगत शिक्षक (पंचायत /नगरीय निकाय) संवर्ग लगभग 1242 आश्रित, परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किए जाने बाबत्।

— 0 —

महोदय,

विषयांतर्गत लेख है कि प्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति शिक्षा कर्मी कल्याण संघ छत्तीसगढ के बैनर तले पंचायत शिक्षक एंव नगरीय निकाय के शिक्षक जिनका निधन हो गया है के परिवारजन श्री भूपेश बघेल के कांग्रेस सरकार में अपनी अनुकंपा नियुकित की मांगो को लेकर सड़क पर लम्बी लड़ाई लडी थी। राजधानी रायपुर के बूढ़ातालाब के पास स्थित धरना स्थल पर लगभग 01 साल (307 दिन) तक सरकार के खिलाफ धरना, प्रदर्शन, आंदोलन किया था, पीड़ित परिवारों ने सरकार को जगाने धरना प्रदर्शन, जेल भरो आंदोलन, जल सत्याग्रह से लेकर दण्डवत सत्याग्रह और अंत में महिलाओं ने आक्रोश में आकर मुण्डन संस्कार तक करवाया था। उस दिन आंदोलन कारी बहनों के रोते हुए केश मुण्डन को देखकर मानवता शर्मसार हो गई थी और पूरे प्रदेश में सरकार को उखाड़ फेकने आतुर हो गयी थी।

माननीय, इनके आंदोलन में तत्कालीन प्रदेश भाजपा, अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह मै स्वयं शामिल हुआ था, पार्टी के अनेको नेक नेताओं ने आंदोलन में भाग लेकर इनकी मागो का समर्थन किया था और सरकार बनने पर शीघ्रता–शीघ्र उन सबको अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का आश्वासन भी दिया गया था। आपने स्वयं इनके आंदोलन को लेकर कहा था कि राग–रंग में तल्लीन श्री भूपेश बघेल के सरकार की उदासीनता से व्यथित आंदोलनरत विधवा बहन रोते हुए अपने केश मुंडवा रही है। निश्चित ही आज मानवता शर्मशार हुई है।

क्रमशः...02

बृजमोहन अग्रवाल
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं.: 0771-4049410
ई-मेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

क्रमांक 3673 / सांसद रायपुर लोकसभा /

रायपुर, दिनांक 05/05/2025

माननीय, प्रदेश में लगभग 1269 के आसपास दिवंगत शिक्षक पंचायत/नगरीय निकाय के आश्रित परिजन है जिन्हें अनुकंपा नियुक्ति दिया जाना है इनमें से लगभग 27 पीड़ितों को ही पात्र मानकर जो टी.टी.ई व डी.एल.एड./बीएड उर्त्तीण है उन्हें ही अनुकंपा नियुक्ति दी गई है बचे हुए लगभग 1242 परिवार आज भी अनुकंपा नियुक्ति की बाट जोहते हुए अनुकंपा नियुक्ति के लिए दर–दर भटक रहे है। अनेक पीड़ितो की उम्र सीमा भी पार हो रही है। जो आवेदक डी.एल.एड, बीएड है पर टी.ई.टी उर्त्तीण नही है उन्हे भी विभाग ने अपात्र माना है।

महोदय, मानवीय आधार पर सरकार संवेदनशीलता दिखाते हुए इन सभी लगभग 1242 परिवारों (जिन्हें विभाग नियुक्ति हेतु अपात्र बता रहा है) को राहत प्रदान करते हुए केबिनेट में प्रस्ताव लाकर नियमों को शिथिल करते हुए उनकी योग्यतानुसार शिक्षा विभाग एवं पंचायत विभाग में रिक्त विज्ञान शिक्षक, लिपिक, भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का कष्ट करेंगे। जिससे लंबे समय से आंदोलनरत रहे इन परिवारों का जीविकोपार्जन की व्यवस्था हो सकें।

सादर

(बृजमोहन अग्रवाल)

प्रति,

माननीय श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री,
छत्तीसगढ़
अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)